यूपी में बेरोजगारी दर सिर्फ 2.4 फीसदी: सीएम

समीक्षा

- उत्तर प्रदेश का एमएसएमईसेक्टर देश में सबसे बड़ा : योगी
- काशी, मथुरा और अयोध्या पर्यटन के बड़े केंद्र बनकर उभरे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की बेरोजगारी दर 2017-18 में जहां 6.2 फीसदी थी आज 2.4 फीसदी रह गई है। इसके साथ ही महिला श्रम बल में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। यह 2017-18 में 13.5 फीसदी थी और आज 2022-23 में 31.2 फीसदी तक पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री ने ये बातें सोमवार को प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सिंचाई का रकबा बढ़ाने के हमारे प्रयासों ने किसानों की खेती की लागत कम की और आय में बढ़ोतरी हुई। चीनी मिलों का आधुनिकीकरण तो हुआ ही है, शुगर कॉम्प्लेक्स बन रहे हैं। आज गन्ना उत्पादन में हम प्रथम स्थान पर हैं। नियोजन विभाग द्वारा आयोजित बैठक में सरकार के विभिन्न मंत्री भी मौजूद रहे। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में आई पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटक आगमन वाला प्रदेश हो गया है। 2022-23 में प्रदेश मे 31.8 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। वाराणसी, मथुरा और अयोध्या इसके प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। आने वाले दिनों में इसमें उत्तरोत्तर विकास सुनिश्चित है।